भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BT 909232







## न्यास पत्र

हमकि अरविन्द कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 नरसिंह लाल श्रीवास्तव निवासी मकान नं0 66/ए, खरैया पोखरा, पोस्ट–बशारतपुर पूर्वी, तहसील–सदर, जिला–गोरखपुर (उ0 प्र0) का हूं। हम मुकिर की माता स्वर्गीय दयावती देवी काफी आध्यात्मिक एवं धार्मिक प्रवृत्ति की रही जो कि अपने जीवनकाल में निरन्तर भगवान की भक्ति में संलग्न रहकर अपने अध्यापन कार्य को सम्पन्न करते हुए अपनी भक्ति व आस्था के दृष्टिगत लोकहित के कार्यों को सम्पन्न कर जनसामान्य की सेवा करती रहती थी। अपने स्वर्गीय माता के लोकहित के कार्या से प्रेरित होकर हम मुकिर जनहित के कार्यों को सम्पादित करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूं और समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक विकास हेतु निरन्तर कार्य करता रहता हूँ। अपने माता स्व0 दयावती देवी के पावन स्मृति को अक्षुण बनाये रखते हुए जनसामान्य का सर्वांगीण विकास कर समाज में सुख–शान्ति, आपसी सद्भाव व विश्वास, सदाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आदर्श नागरिक गुणों की स्थापना तथा समाज के साधनहीन व्यक्तियों को जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं भोजन, उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा व आवास की व्यवस्था करने के साथ ही साथ शिक्षित बेरोजगारों को उनकी योग्यता के अनुरूप तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें रोजगार का अवसर उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित कार्यो को सम्पन्न किये जाने की इच्छा हम मुकिर की है। जनहित में उक्त प्रकार के कार्यों को संचालित करने तथा उससे लोगों को अधिकाधिक लाभ प्रदान कर विभिन्न विधाओं में समाज को शिक्षित किये जाने की आवश्यकता को देखते हुये विभिन्न समितियों एवं संस्थाओं का गठन किया जाना आवश्यक पाकर इसकी सम्पूर्ण व्यवस्था के लिये हम मुकिर द्वारा एक कल्याणकारी न्यास/ट्रस्ट की स्थापना की जा रही है। जनहित के उक्त प्रकार के कार्यों के संचालन तथा इस [redacted] संसाधनों की व्यवस्था के बावत 10000/–(दस हजार) रूपये

Manager
Prakriti International School

Principal
PRAKRITI INTERNATIONAL SCHOOL
CHURAMAN CHAK-KHOTTHA, KUSHINAGAR

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये

रु.50

FIFTY RUPEES

Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BT 909233

का एक न्यास कोष स्थापित किया गया है और आगे भी इस न्यास कोष में विभिन्न उपायों से धन व चल–अचल सम्पत्ति की व्यवस्था मैं करता रहूँगा। हम मुकिर अपने द्वारा स्थापित न्यास की प्रबन्ध व्यवस्था एवं प्रशासन के बावत निम्नवत एक न्यासपत्र को भी निष्पादित कर रहा हूँ–

1. यहकि हम मुकिर द्वारा स्थापित न्यास का नाम **"माँ दयावती देवी शिक्षा एवं सेवा ट्रस्ट"** होगा जिसे इस न्यासपत्र में आगे **"न्यास"** या **"ट्रस्ट"** शब्द से सम्बोधित किया गया है।

2. यहकि हम मुकिर द्वारा स्थापित उक्त ट्रस्ट का पंजीकृत कार्यालय मुहल्ला–खरैया पोखरा, पोस्ट–बशारतपुर पूर्वी, तहसील–सदर, जिला–गोरखपुर (उ0 प्र0) में स्थित होगा। उक्त ट्रस्ट के कार्य को सुचारू रूप से सम्पादित करने तथा इसके उद्‌देश्यों की सुगम प्राप्ति के बाबत इसके अन्य प्रशासनिक कार्यालयों की भी स्थापना की जायेगी और उनके पते पर ट्रस्ट के द्वारा गठित की जाने वाली संस्थाओं व समितियों के पंजीकरण व मान्यता के सम्बन्ध में सुसंगत अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सकेगी। ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारतवर्ष होगा तथा आवश्यकता होने पर भारत के बाहर भी नियमानुसार ट्रस्ट के कार्यों का संचालन किया जा सकेगा।

3. यहकि हम मुकिर ट्रस्ट मजकूर के संस्थापक मुख्य ट्रस्टी व मैनेजिंग ट्रस्टी होंगे तथा ट्रस्ट के प्रधान प्रबन्धक भी कहे जायेंगे। हम मुकिर द्वारा ट्रस्ट के संचालन व व्यवस्था के लिये निम्नलिखित व्यक्तियों जो ट्रस्ट के उद्‌देश्यों के अनुसार ट्रस्ट के हित में ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य करने को सहमत हैं, को ट्रस्ट का ट्रस्टी नामित किया जा रहा है। भविष्य में हम मुकिर द्वारा ट्रस्ट के उद्‌देश्यों की सुगम प्राप्ति हेतु अधिकतम 7 अन्य ट्रस्टीगण की भी नियुक्ति की जा सकेगी। हम मुकिर द्वारा नामित ट्रस्टियों तथा मुख्य ट्रस्टी को संयुक्त रूप से न्यास मण्डल/ट्रस्ट मण्डल कहा जायेगा। ट्रस्ट की स्थापना के समय ट्रस्टी के रूप में नामित व्यक्तियों का विवरण निम्नलिखित है:–

   1. सोनल श्रीवास्तव पत्नी श्री अरविन्द कुमार श्रीवास्तव निवासी मकान नं0 66/ए, खरैया पोखरा, पोस्ट–बशारतपुर पूर्वी, जिला–गोरखपुर।

Manager
Prakriti International
Ch... [redacted] Chak Khotta, Kush...

Principal
PRAKRITI INTERNATIONAL SCHOOL
CHURAMAN CHAK-KHOTTHA, KUSHINAGAR

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BT 909234

2. श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव पत्नी श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव निवासी मकान नं0 331/ए, राजकुमारी भवन, नहर रोड, रूस्तमपुर, जिला–गोरखपुर।
3. डॉ0 राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव मकान नं0 121/क्यू, रामनगर कालोनी, पोस्ट–गोरखनाथ, जिला–गोरखपुर।
4. श्रीमती प्रेनलता श्रीवास्तव पत्नी श्री विन्ध्यवासिनी श्रीवास्तव मकान नं0 750–यू0 बशारतपुर पश्चिमी, गणेशपुरम् राप्तीनगर–1, जिला–गोरखपुर।

4. यहकि हम मुकिर द्वारा **"माँ दयावती देवी शिक्षा एवं सेवा ट्रस्ट"** के नाम से जिस ट्रस्ट की स्थापना की जा रही है उसके स्थापना के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:–

1. समाज के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक विकास हेतु संस्थाओं की स्थापना एवं संचालन से सम्बन्धित कार्यो को सम्पन्न कर समाज के प्रत्येक वर्ग के युवक–युवतियों को उचित शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संस्थागत रूप से आवश्यक कार्यों को सम्पन्न करने और इस हेतु संसाधनों की व्यवस्था कर उनके सामाजिक उन्नयन हेतु शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण सुरक्षा एवं समाजकार्य के कार्यों को सम्पन्न करना।
2. शिक्षा एवं जीवनोपयोगी ज्ञान का प्रचार–प्रसार करना और जनसामान्य को शिक्षित एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाते हुए प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को देश–विदेश में उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक सहयोग करना।
3. छात्र–छात्राओं को रचनात्मक दिशा देने एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिये प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट (10+2) व स्नातक, स्नात्तकोत्तर स्तर के विद्यालयों, संस्कृत महाविद्यालयों एवं अन्य महाविद्यालयों की स्थापना कर उनका संचालन करना।
4. शिक्षा के प्रचार, प्रसार व उन्नयन के लिए किसी क्षेत्र में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर तक की सामान्य शिक्षा/तकनीकी शिक्षा, गैर तकनीकी शिक्षा व विधि शिक्षा हेतु महाविद्यालय एवं शिक्षा–प्रशिक्षण संस्थान स्थापित व संचालित करना तथा भवन, स्कूल बिल्डिंग,

Manager
Prakriti International School
Churaman Chak Khotta, Kushinagar

PRAKRITI INTERNATIONAL SCHOOL
CHURAMAN CHAK KHOTTA, KUSHINAGAR

4/23/2019

पुष्टि विलेख 58,59

4/23/2019

पुष्टि विलेख 60

4/2?

**आवेदन सं०: 201900950013442**

बही संख्या 4 जिल्द संख्या 250 के पृष्ठ 61 से 90 तक क्रमांक 116 पर
दिनाँक 23/04/2019 को रजिस्ट्रीकृत किया गया।

Sl. No.......
Jay Prakash Stamp
Licence No- 3
Near Registry Office Collectorate
Gorakhpur

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

के०के० तिवारी
उप निबंधक : सदर द्वितीय
गोरखपुर
23/04/2019

Manager
Prakriti International School
Churaman Chak Khotta, Kushinagar

Principal
PRAKRITI INTERNATIONAL SCHOOL
CHURAMAN CHAK-KHOTTHA, KUSHINAGAR.